एस संदिग्धों, जो लाठी-डंडा से हमला कर   पहचान करें। संवाद   को 9450782977 प

# प्रदेश को मिलने जा रहा तीसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा : योगी

## सीएम योगी ने कहा, आज प्रधानमंत्री कुशीनगर में करेंगे लोकार्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया(कुशीनगर)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लोकार्पण के बाद उत्तर प्रदेश को कुशीनगर में तीसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सौगात मिलने जा रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार के विकास में इस नए एयरपोर्ट का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। पर्यटन के क्षेत्र ढेरों संभावनाएं और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले कुशीनगर एयरपोर्ट और सभास्थल पर तैयारियों का जायजा लेने आए थे। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े सर्वाधिक पावन स्थल उत्तर प्रदेश में हैं। आजादी के बाद इन स्थलों का बेहतर विकास होना चाहिए था, पर ऐसा नहीं हो पाया। प्रधानमंत्री को आभार व्यक्त करते हुए, कहा हम आभारी हैं अपने प्रधानमंत्री के, जिन्होंने आने के साथ ही बौद्ध सर्किट के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य शुरू कराया। भगवान बुद्ध से जुड़े सभी देशों को उनकी परंपरा के साथ जोड़ने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि हवाई चप्पल पहने वाला भी हवाई जहाज की यात्रा कर पाएगा। उत्तर प्रदेश के साक्षात दर्शन हो सकते हैं। प्रदेश वर्तमान में देश के अंदर एयरपोर्ट पर कार्य करने वाला राज्य है। हमारे यहां वर्तमान में आठ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। 2017 के पहले ऐसे केवल दो एयरपोर्ट थे। एक लखनऊ और दूसरा वाराणसी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के लोकार्पण के अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री के हाथों होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2016 तक उत्तर प्रदेश में गवर्नमेंट स्तर पर केवल 12 से 15 मेडिकल कॉलेज खुल पाए थे, लेकिन 2017 से लेकर अब तक पिछले साढ़े चार वर्ष में प्रदेश में लगभग 33 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही हैं, जिसमें कुशीनगर का मेडिकल कॉलेज भी एक है।



अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अंदर लगाई गई भगवान बुद्ध की प्रतिमा।

### बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन कर जल्द दें मुआवजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति पूछी। उन्होंने बरसात से हुए नुकसान के बारे में भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर किसान को जल्द मुआवजा दिया जाए। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### कुशीनगर में चार घंटा 50 मिनट रहेंगे मोदी

**कसया (कुशीनगर)।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उदघाटन व मेडिकल कालेज का शिलान्यास बुधवार को होगा। सुबह 9.55 बजे एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का विमान पहुंचेगा।

स्वागत व उदघाटन सत्र 45 मिनट का होगा। इसके बाद हेलीकाप्टर से कुशीनगर के मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर जाएंगे। वहां दर्शन-पूजन व बुद्धिस्ट कान्क्लेव को संबोधित करेंगे। एक घंटा 20 मिनट रुकने के बाद पीएम बरवां जंगल स्थित जनसभा स्थल पर मेडिकल कालेज समेत कई परियोजनाओं का शिलान्यास करने पहुंचेंगे। संवाद